## 01-01-2021

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गुजरात के राजकोट में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की आधारशिला रखी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने भारत के ऑटोनोमस नेविगेशन सिस्टम (स्थलीय और हवाई) के लिए प्रथम परीक्षण स्थल – 'तिहान-आईआईटी हैदराबाद' की वर्चुअल आधारशिला रखी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को टीका और प्रतिरक्षा के लिए गठित वैश्विक गठबंधन (जीएवीआई-गावी) के बोर्ड में बतौर सदस्य नामित किया गया।

सार्वजनिक क्षेत्र के साझा सेवा केंद्र की विशेष इकाई नेआईआईटी-दिल्ली के साथ डिजाइन और नवोन्मेषण लैब की स्थापना के लिए भागीदारी की है, यह लैब ग्राम स्तर के उद्यमियों के लिए नए उत्पादों और सेवाओं पर शोध करेगी।

केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक केंद्र का उद्घाटन किया गया, इससे स्थानीय स्तर पर मौसम की जानकारी मिलेगी और क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने चालाप्पुरम में 'केसरी मीडिया अध्ययन एवं शोध केंद्र' का उद्घाटन किया।

देश का पहला पॉलीनेटर पार्क नैनीताल जिले के हल्द्वानी में चार एकड़ से ज्यादा जमीन पर बनकर तैयार हो गया है जहां तितलियों, मधुमक्खियों, पक्षियों और कीटों की 40 से ज्यादा प्रजातियां मौजूद हैं ।

डीआरडीओ क्वांटम टेक्नोलॉजीज (डीवाईएसएल-क्यूटी) यंग साइंटिस्ट लेबोरेटरी ने एक क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर (क्यूआरएनजी) विकसित किया है, जो रैंडम क्वांटम घटनाओं का पता लगाता है और उन्हें बाइनरी अंकों के रूप में परिवर्तित करता है।

टाटा संस एयरएशिया इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 83.67 प्रतिशत करेगी।

ओलंपिक 1956 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय फुटबॉल टीम के सदस्य निखिल नंदी का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

## 02-01-2021

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन और विज्ञान भवन, नई दिल्ली सहित चार अन्य स्थानों - भोपाल, चेन्नई, कोलकाता और पटना की भागीदारी से एक वर्चुअल पुरस्कार समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल इंडिया पुरस्कार 2020 प्रदान किए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जनवरी 2021 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह राज्यों में छह स्थलों पर ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज-इंडिया (जीएचटीसी-इंडिया) के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स (एलएचपी) की आधारशिला रखी।

डीआरडीओ तथा नौसेना ने गोवा के अपतटीय क्षेत्र में हवा से गिराए जाने वाले कंटेनर सहायक-एनजी का पहला सफल परीक्षण किया जिसे आईएल-38 एसडी विमान से गिराया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पोर्ट ब्लेयर में तिरंगा फहराने की 75वीं वर्षगांठ पर याद किया।

मंत्रिमंडल ने आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंजूरी दी और निर्यातों की त्वरित मंजूरी के लिए एक समिति गठित की।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देश में पहली पीढी - वन जी एथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने के लिए चावल, गेहूं, जौ, मक्का, ज्वार, गन्ना और चुकंदर इत्यादि से एथेनॉल निकालने की क्षमता बढ़ाने के लिए संशोधित योजना को मंजूरी दे दी है।

रेल मंत्रालय ने वर्ष 2020 में रेल मंत्रालय की उपलब्धियों की एक बुकलेट जारी की है, जिसका शीर्षक है “एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण”।

वी.के. यादव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, रेलवे मंत्रालय को प्रतिष्ठित "एमिनेंट इंजीनियर अवार्ड फॉर द ईयर 2020" से सम्मानित किया गया है।

उमेश सिन्हा को भारतीय निर्वाचन आयोग में उप चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है।

अंतरिक्ष विभाग के सचिव सिवन के. का कार्यकाल एक साल, 14 जनवरी 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

## 03-01-2021

दिल्ली के शाहीन बाग में महीनों तक नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ चले विरोध प्रदर्शनों का चेहरा बन कर उभरी 80 वर्षीय बिल्किस बानो उर्फ बिल्किस दादी को हॉलीवुड अभिनेत्री गैल गैडोट ने अपनी “माई पर्सनल वंडर वुमैन” सूची में शामिल किया है।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री, नरेंद्र सिंह तोमर ने वर्चुअल एग्री-हैकथॉन 2020 का उद्घाटन किया।

समूचे नगालैंड राज्य को छह और महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए भारत ने सहजन-मोरिंगा पाउडर का निर्यात शुरू कर दिया है।

असम विधानसभा ने राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी मदरसों को खत्म करके उन्हें सामान्य स्कूलों में बदलने संबंधी असम निरसन विधेयक, 2020 पारित कर दिया है।

पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक रह चुके सुनीत शर्मा को रेल बोर्ड का अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की ई-टिकटिंग वेबसाइट के उन्नत संस्करण की शुरूआत की।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) असम में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिये 23.1 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा, इसके तहत 120 मेगावॉट क्षमता की जल विद्युत परियोजना स्थापित की जाएगी।

देश में डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स जैसी रेस्तरां श्रृंखला चलाने वाली कंपनी जुबिलेंट फूडवर्क्स 92 करोड़ रुपये का निवेश कर बारबीक्यू-नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड की 10.76 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी।

श्रम मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय की सहमति मिलने के बाद छह करोड़ से अधिक खाताधारकों वाले सेवानिवृत्ति कोष कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 2019-20 के लिए 8.5 प्रतिशत ब्याज दर को अधिसूचित करने का फैसला किया है।

**04-01-2021**

रक्षा उत्पादन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जीआरएसई ने भारतीय नौसेना को आठवें एवं अंतिम लाइट क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) पोत की आपूर्ति कर दी है जिससे देश की रक्षा तैयारियों को और मजबूती मिली है।

सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को कोरिया गणराज्य के ग्येरयोंग में सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फाइजर-बॉयोएनटैक कोरोना वायरस वैक्सीन के आपात उपयोग की मंजूरी दे दी है।

ऑस्ट्रेलिया ने एकता की भावना और देश की स्थानीय जनसंख्या को महत्व देने के लिए नववर्ष पर अपने राष्ट्रगान में एक शब्द बदला है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर टोल प्रभार पूरी तरह से फास्टैग के माध्यम से लेने की अनिवार्यता की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बागवानी क्षेत्र में बड़े बदलाव के लिए राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ- नेफेड के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को चेतेश्वर पुजारा की जगह पहली बार भारतीय टेस्ट का उपकप्तान बनाया गया।

अनुभवी बल्लेबाज अनुस्तूप मजूमदार को अभिमन्यु ईश्वरन की जगह आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बंगाल का कप्तान बनाया गया है।

दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा लहराने वाले अदम्य साहस के प्रतीक कर्नल नरेंद्र 'बुल' कुमार (87) का निधन हो गया।

ब्रिटिश रैपर एमएफ डूम का 49 साल की उम्र में निधन हो गया।

## 05-01-2021

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने 20 'लेजर डैजलर्स' की आपूर्ति के लिए भारतीय नौसेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, 'लेजर डैजलर्स' गैर घातक हथियार है जो संदिग्ध वाहनों, नौकाओं और विमानों को चेतावनी देने तथा उन्हें रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईआईएम संबलपुर के स्थायी कैम्पस की आधारशिला रखी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय पुलिस के-9 पत्रिका' के प्रथम अंक का विमोचन किया।

सरकार ने सेवा के दौरान दिव्यांगता का शिकार होने वाले कर्मचारियों को भी दिव्यांगता क्षतिपूर्ति देने का निर्णय लिया।

जनता के साथ अपने संबंधों को और मजबूती देने के प्रयासों के तहत सेना ने कश्मीर घाटी में 'प्रतिक्रिया एवं शिकायत' हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत की।

राज्य में बेहतर नेटवर्क उपलब्ध कराने के मद्देनजर गोवा सरकार अपनी दूरसंचार नीति के तहत 62 नए मोबाइल टावर स्थापित करेगी।

डेनमार्क के फिल्मकार थॉमस विंटरबर्ग की फिल्म "अनदर राउंड" आगामी 51वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव (आईएफएफआई) की उद्घाटन फिल्म होगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री, राजस्थान के पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता बूटा सिंह का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कालीन उद्योग के लिए प्रसिद्ध भदोही जिले में 197.21 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक ने जीवन बीमा संयुक्त उद्यम में अपनी 23 प्रतिशत हिस्सेदारी विदेशी भागीदार एजिस को 507 करोड़ रुपये में बेची है।

## 06-01-2021

भारत के औषधि नियामक ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड के कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके 'कोवैक्सीन' के देश में सीमित आपात इस्तेमाल को मंजूरी दे दी जिससे व्यापक टीकाकरण अभियान का रास्ता साफ हो गया है।

जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के भदरवाह के रहने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति केंद्र शासित प्रदेश के उन तीन निवासियों में शामिल है जिन्हें हाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 'सर्वश्रेष्ठ निर्माण पुरस्कार' मिला है, यह व्यक्ति बीमारी के कारण पिछले 15 वर्षों से बिस्तर पर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि-मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से देश को समर्पित ककिया।

न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 26वें मुख्य न्यायधीश के रूप में शपथ दिलाई।

पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा फिरोजपुर से पांच बार विधायक रहे पंडित बाल मुकंद शर्मा का चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।

51वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह 16 से 24 जनवरी तक गोवा में होगा।

सर्जन वाइस एडमिरल रजत दत्ता ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक के रूप में पदभार संभाला।

लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक के रूप में पदभार संभाला।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि देश के सैनिकों ने 2021 में नौ सैन्य अभ्यास में भाग लेने की योजना बनाई है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और इसके अध्यक्ष मुकेश अंबानी पर कारोबार में कथित गड़बड़ी करने के लिए क्रमश: 25 करोड़ और 15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

## 07-01-2021

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु शहर में बिजली वितरण प्रणाली को आधुनिक बनाने और इसके उन्नयन के लिए 100 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

ट्राइफेड ने मध्य प्रदेश में ट्राइफ़ूड (जनजातीय खाद्य) पार्कों की स्थापना के लिए अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने शिलांग में असम राइफल्स पब्लिक स्कूल (एआरपीएस) काएक खेलो इंडिया स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में शुभारंभ किया।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि 1901 के बाद से 2020 आठवां सबसे अधिक गर्म वर्ष रहा लेकिन 2016 की सबसे अधिक गर्मी की तुलना में यह ''काफी कम'' रहा।

लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए साझा उच्च न्यायालय के नये मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति पंकज मित्थल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति एस मुरलीधर ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के 32वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ग्रहण की।

संजय कपूर को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के ऑनलाईन मतदान से हुए चुनावों में अध्यक्ष चुना गया, जबकि भरत सिंह चौहान सचिव पद को बरकरार रखने में सफल रहे।

असम के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी तरह की पहली पहल के तहत स्कूल जाने वाली प्रत्येक बालिका को कक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतिदिन 100 रुपये मिलेंगे।

एक्जिम बैंक ने 1 अरब डॉलर मूल्य के बांड के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखा है।

सिकोया कैपिटल के समर्थन वाली इंडिगो पेंट्स को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी मिल गई है।

## 08-01-2021

कतर के साथ वर्षों से चले आ रहे कूटनीतिक संकट को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सऊदी अरब ने उसके साथ लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई क्षेत्र को खोलने का फैसला लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 306 किमी लंबे न्यू रेवाड़ी - न्यू मदार खंड राष्ट्र को समर्पित किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक 'ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी के साथ टॉयकाथन 2021 इवेंट नाम के एक वर्चुअल टॉय हैकाथॉन का उद्घाटन किया।

रेल मंत्री पीयूष गोयल ने माल ग्राहकों की सभी जरूरतों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में 'फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पोर्टल' लॉन्च किया।

ब्रिटेन के रणनीति विशेषज्ञ एलेक्स एलिस को भारत में ब्रिटेन का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।

हॉकी इंडिया ने ओलंपियन ग्रीग क्लार्क की भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए विश्लेषणात्मक कोच के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने आईटी समाधान देने वाली ऑस्ट्रेलिया की कंपनी डीडब्ल्यूएस का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिम्परी चिंचवाड नगर निगम (पीसीएमसी) ने भारत का पहला सामाजिक प्रभाव बांड (एसआईबी) सृजित करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।

निकोलस यात्रोमनोलाकिस संस्कृति उप मंत्री बनाये जाने के उपरांत ग्रीस में पहली बार खुले तौर पर समलैंगिक कैबिनेट मंत्री बन गए हैं।

भारत में इस वक्त गूगल क्लाउड का नेतृत्व करने वाले करण बाजवा अब से एशिया-प्रशांत क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे।

## 09-01-2021

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और जापान के बीच सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी है, यह समझौता 'विशिष्ट कुशल कामगारों' से संबंधित समुचित संचालन प्रणाली के लिए भागीदारी की बुनियादी रूपरेखा तैयार करने के लिए किया गया है।

पीएम केयर्स ने देश में 162 अतिरिक्त मेडिकल ऑक्सीजन संयंत्र लगाने के लिए 201.58 करोड़ रुपए जारी किए।

मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा निर्धारित चार नागरिक केंद्रित सुधारों में से तीन सुधारों को पूरा करने वाले राज्यों का पहला समूह बन गये है।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के साथ 8 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर दिया है, जो कि विभिन्न केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए 'खादी की दरियां' या मैट खरीदेगी।

अरूप कुमार गोस्वामी ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण आमरे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी दो सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स से सहायक कोच के रूप में जुड़ गए हैं।

एटलांटा में एबेनेज़र बैपटिस्ट चर्च में सीनियर पादरी वारनोक, जॉर्जिया के पहले अश्वेत सांसद होंगे।

कोरोना वायरस के मामलों और उससे होने वाली मौत के आंकड़ों के लगातार बढ़ने से 2021 ग्रैमी पुरस्कार का आयोजन इस महीने की बजाय मार्च में लॉस एंजिलिस में किया जाएगा।

इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डरों में से एक और मैनचेस्टर के सर्वकालिक महान खिलाड़ी कोलिन बेल का निधन हो गया है। वह 74 साल के थे।

बोरिस बेकर, गोरान इवानिसेविच और मारिन सिलिच जैसे ग्रैंडस्लैम विजेताओं के कोच रहे बॉब ब्रेट का निधन हो गया है। वह 67 वर्ष के थे।

## 10-01-2021

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विश्व की पहली, न्यू अटेली से न्यू किशनगढ़ के लिए1.5 किलोमीटर लंबी डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भारत सरकार द्वारा मंजूर 28,400 करोड़ रुपये के औद्योगिक विकास पैकेज की घोषणा की।

रक्षा राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाइक ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे को एक लाखवां बुलेट प्रूफ जॉकेट प्रदान किया।

भारतीय वायु सेना और गुजरात विश्वविद्यालय के स्वायत संस्थान-भारतीय रक्षा अध्ययन और अनुसंधान संस्थान ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली तेलंगाना उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बन गई हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने बंगलूरू में कृषि संजीवनी वैन का शुभारंभ किया।

भारतीय प्रबंधन संस्थान - शिलांग ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं में रोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर दस्तखत किए हैं।

भारतीय मूल के डॉ.राज अय्यर अमेरिकी सेना के पहले मुख्य सूचना अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, पेंटागन ने जुलाई 2020 में इस पद को सृजित किया था।

भारतीय साड़ी को नई पहचान देने वाले प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सत्य पाल का निधन हो गया है। वह 79 वर्ष के थे।

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. के. रामचंद्रन मास्टर का निधन हो गया। वह 78 साल के थे।

**11-01-2021**

केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा , भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के जम्मू और कश्मीर कैडर (आईएफओस) का अब (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केन्द्रशासित प्रदेश कैडर) एजीएमयूटी में विलय कर दिया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैंटीन स्टोर्स डिपार्टमेंट-सीएसडी से अगेंस्ट फर्म डिमांड (एएफडी) की वस्तुओं की खरीद के लिए ऑनलाइन पोर्टल https://afd.csdindia.gov.in/का उद्घाटन किया।

अमेरिकी संसद ने जो बाइडन को देश का नया राष्ट्रपति और कमला हेरिस को उपराष्ट्रपति चुने जाने की औपचारिक घोषणा की है।

कोविड-19 महामारी के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को संभालने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने अपना उदारीकृत नया एमएसएमई-एईओ पैकेज दिया है।

केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली के डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के परिसर में 162 बिस्तरों वाले वातानुकूलित हॉस्टल का उद्घाटन किया।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने रोड आइलैंड की गवर्नर जीना रायमोंडो को वाणिज्य मंत्रालय का नेतृत्व करने के लिए चुना है जो व्यापार नीति तय करने में उनकी मदद करेंगी और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के विकास के लिए अवसरों को प्रोत्साहित करेंगी।

एचडीएफसी बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक आदित्य पुरी वैश्विक दवा फर्म स्ट्राइड्स समूह में एक सलाहकार के रूप में शामिल हुए हैं और वह इसकी सहयोगी कंपनी स्टेलिस बायोफार्मा के निदेशक के रूप में भी काम करेंगे।

भारत के उत्तर-पूर्व में अपनी मौजूदगी और साझेदारी बढ़ाने के प्रयासों के तहत इजराइल ने क्षेत्र में एक मानद वाणिज्य दूत की नियुक्ति की है जिनका कार्यालय असम में होगा।

गुजराती भाषा सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न ‘टूल’, संसाधनों को विकसित करने और प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिए ब्रिटेन में एक हिंदू संगठन को ‘चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ लिंग्विस्ट्स’ द्वारा सम्मानित किया गया है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भतीजी और जानी मानी शिक्षाविद चित्रा घोष का निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं।

## 12-01-2021

आईसीएआर - भारतीय बागवानी शोध संस्थान (आईआईएचआर) ने आठ फरवरी से पांच दिवसीय राष्ट्रीय मेले की घोषणा की, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से नई तकनीकों के साथ देशभर के ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "107 देशों के दौरों और द्विपक्षीय यात्राओं" की सैकड़ों तस्वीरों वाली एक कॉफी टेबल बुक 16वें प्रवासी भारतीय दिवस की पूर्व संध्या पर जारी की गई।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट में तटीय अनुसंधान पोत (सीआरवी) 'सागर अन्वेषिका' का लोकार्पण किया।

प्रख्यात संस्थानों का दर्जा प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय और कॉलेज अब दूसरे देशों में भी अपने कैंपसों की स्थापना कर सकेंगे, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में नए निर्देश जारी किये हैं।

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने पीकेटीसीएल में अपनी समूची 74 प्रतिशत हिस्सेदारी इंडिया ग्रिड ट्रस्ट को 900 करोड़ रुपये में बेची।

बहुराष्ट्रीय रसायन कंपनी के शीर्ष कार्यकारी, भारतीय-अमेरिकी भावेश वी पटेल को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ डलास की ह्यूस्टन शाखा के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है।

भारतीय-अमेरिकी सबरीना सिंह अमेरिका की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के लिए व्हाइट हाउस में उप्र प्रेस सचिव के रूप में सेवा देंगी।

विशेषज्ञों ने यह राय जताई है, कोविड-19 महामारी की वजह से राजस्व संग्रह घटने से भारत का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

सरकारी उपक्रम ईईएसएल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवसिंह सोलंकी का गांधीनगर में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।

## 13-01-2021

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल में मामूली फेरबदल के तहत भारतीय मूल के व्यापार मंत्री आलोक शर्मा ने अपने पास सीओपी26 के अध्यक्ष का एकमात्र पद रखने के लिए अपना मंत्रिपद त्याग दिया है - संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन नवंबर में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होगा।

अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अगही और फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (एफआईए) के साथ अमेरिका में तीन अन्य को इस साल प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

नासा द्वारा आयोजित एक ऐप विकसित करने की प्रतियोगिता के विजेताओं में गुरुग्राम के हाईस्कूल का छात्र आर्यन जैन भी शामिल हैं।

डिजिटल परामर्श प्रदाता कंपनी एड्रोसोनिक ने बीमा उद्योग में चल रहे डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिये ब्रिटेन स्थित बीमा सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म इंस्टैंडा के साथ साझेदारी की है।

औद्योगिक विवाद अधिनियम में गुजरात के संशोधन को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्वीकृति मिल गई है।

भारतीय रेलवे ने 1,612 किलोमीटर लम्बे स्वर्णिम चतुर्भुज रेल मार्ग में से 1,280 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर गाडियों की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रतिघंटा तक बढा कर नये वर्ष की शुरुआत की है।

पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर वन्यजीवों के सुरक्षित आने-जाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय 1,200 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करेगा।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संयुक्त रूप से भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर के पास स्थित बिंदु सागर झील को साफ करने के लिए एक परियोजना की शुरुआत की।

तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने फारस की खाड़ी में नौसैन्य परेड किया।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कोप्पल में देश में अपनी तरह के पहले खिलौना विनिर्माण क्लस्टर की आधारशिला रखी।

## 14-01-2021

अनुभवी भारतीय निशानेबाज तेजस्विनी सावंत डॉ कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन 'टी 1' ट्रायल में पंजाब की अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए विजेता बनी।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने अपने आवास पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विकसित एक अभिनव पेंट को लॉन्च किया।

भारतीय नौसेना ने दो दिवसीय एक बड़ा रक्षा अभ्यास किया जिसमें देश के 7516 किलोमीटर के तटीय क्षेत्र और विशेष आर्थिक क्षेत्र को शामिल किया गया।

हैरिस इंग्लिश ने सेंट्री टूर्नामेंट ऑफ चैंपियन्स गोल्फ प्रतियोगिता में जीत दर्ज करके पीजीए टूर में पिछले सात वर्षों में अपना पहला खिताब जीता।

घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा रेटिंग ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2022 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 10.1 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल ने न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल को दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष पद के लिये मनोनीत किया है।

विरासत संरक्षण समिति ने सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्निर्माण परियोजना के तहत नए संसद भवन के निर्माण को मंजूरी प्रदान की।

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी का महासचिव बनाया गया है।

भारत में जन्मे प्रसिद्ध पाकिस्तानी शायर और लेखक नसीर तुराबी का कराची में निधन हो गया। वह 75 साल के थे।

प्रसिद्ध भारतीय-अमेरिकी उपन्यासकार वेद मेहता का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

**15-01-2021**

भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे स्थान पर आ गए, वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा दो पायदान चढकर आठवें स्थान पर आ गए हैं।

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय अमरीकी सुमोना गुहा को दक्षिण एशिया के लिए वरिष्ठ निदेशक और तरुण छाबड़ा को प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए वरिष्ठ निदेशक नियुक्त किया है।

पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने कहा कि उसकी स्वतंत्र निदेशक शुभलक्ष्मी पानसे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि वह कैन फिन होम्स में अपनी भूमिका जारी रख सके।

उच्चतम न्यायालय ने तीनों नए कृषि कानूनों के अमल पर रोक लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया।

गृहमंत्री अमित शाह ने कोयला खदानों के सुचारू संचालन के लिए "सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम" की शुरूआत की।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 100 अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) अपनाए जाएंगे और इसके पहले चरण में 45 लैब्स अपनाए जा चुके हैं।

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) ने मिलकर भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के डिजिटल रुपांतरण को अंजाम देने के लिए साझेदारी की है।

रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र के उस्मानाबाद में स्थित वसंतदादा नगरी सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है, बैंक अपनी मौजूदा वित्तीय स्थिति के हिसाब से अभी के जमाकर्ताओं का पूरा पैसा वापस नहीं कर पायेगा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स पर वायदा कारोबार (डेरिवेटिव) की शुरुआत की, यह संस्थागत के साथ-साथ खुदरा निवेशकों को अपने निवेश का प्रबंधन करने के लिये अधिक लचीलापन प्रदान करेगा।

**16-01-2021**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कर चोरी, विदेशी अघोषित परिसंपत्तियों के साथ-साथ बेनामी संपत्तियों/ के बारे में शिकायतों को दर्ज करते हुए प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए विभाग की ई-फाईलिंग वेबसाइट पर ई-पोर्टल का शुभारंभ किया है।

केरल देश का आठवां राज्य बन गया है जिसने वित्त मंत्रालय द्वारा व्यापार सुगमता से जुडे सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त अरब अमारात के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के बीच वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहयोग से संबंधित समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के कार्यवाहक चेयरपर्सन न्यायमूर्ति बी एल भट का कार्यकाल एक बार फिर बढ़ा दिया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में 500 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों की सूची में भारत की निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने जगह बनायी है, इस प्रतिष्ठित सूची में देश 10वें स्थान पर है।

ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स कंपनी कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने जया जामरानी को उपाध्यक्ष - विपणन के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

घरेलू रेटिंग एजेंसी ब्रिकवर्क की एक रिपोर्ट में कहा गया है किआर्थिक गतिविधियों में सुधार और निम्न तुलनात्मक आधार के प्रभाव के साथ अगले वित्त वर्ष में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि 11 प्रतिशत तक जा सकती है।

दिसंबर में सब्जी की कीमतों में गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति 15 महीने के निचले स्तर 4.59 प्रतिशत पर आ गई, सरकारी आंकड़ों से पता चला।

51वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में “वर्ल्ड पैनोरमा” खंड की फिल्मों की सूची का अनावरण किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित पहले रेड रिबन क्विज कॉम्पटिशन के ग्रैंड फ़िनाले का उद्घाटन किया।

## 17-01-2021

राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान ने रूस के वीआई इलिचेव पैसेफिक ओसीनोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के साथ समुद्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिये एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जनवरी को देशव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 3.0) के तीसरे चरण का कल देश के सभी राज्यों के 600 जिलों में शुभारम्भ किया गया।

एनटीपीसी ने कहा कि उसकी इकाई टीएचडीसी इंडिया ने केरल में अपनी पहली सौर परियोजना का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है।

लंदन में जारी एक ताजा शोध के अनुसार 2016 से बेंगलुरु दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ता परिपक्व प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र रहा है।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी जायन सिद्दिकी को व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के कार्यालय में महत्वपूर्ण पद के लिए नामित किया है।

तेलंगाना के पर्यटन मंत्री वी श्रीनिवास गौड ने कहा कि तेलंगाना सरकार महबूबनगर जिले में एक 'एयरो स्पोर्ट्स पैरा मोटर एडवेंचर ट्रेनिंग' केंद्र बनायेगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए आईआरटीई और और आईडीसी के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया है।

एनएचपीसी ने सिक्किम में जेपीसीएल की 120 मेगावाट की रंगित- IV पनबिजली परियोजना के अधिग्रहण के लिए अनुमोदित प्रस्ताव योजना के कार्यान्वयन के लिए निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और पद्म श्री डी. प्रकाश राव का कटक में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे।

**18-01-2021**

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी, टेस्ला ने देश में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक अनुसंधान एवं विकास इकाई और एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए पहले कदम के रूप में बेंगलुरु में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को शामिल किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ने प्रारम्भ-स्टार्टअप इण्डिया इंटरनेशनल समिट को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया।

अमेरिका की होने वाली प्रथम महिला जिल बाइडन ने भारतीय मूल की गरिमा वर्मा को अपने कार्यालय में डिजिटल निदेशक और माइकल लारोसा को प्रेस सचिव के तौर पर नामित किया है।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ सोनिया अग्रवाल को जलवायु नीति और नवाचार के लिए अपनी वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नामित किया।

अमेरिका के चयनित राष्ट्रपति जो बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत सामंथा पॉवर को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के प्रशासक के तौर पर नामित किया है।

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक खरब 90 अरब डॉलर के कोरोना वायरस आपात राहत पैकेज की घोषणा की है।

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने माइक फोर्डहैम को अपना ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की।

गूगल ने फिटनेस उपकरण बनाने वाली कंपनी फिटबिट का 2.1 अरब डॉलर का अधिग्रहण पूरा कर लिया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने नई दिल्ली में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सीएसआईआर के नए राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अध्ययन संस्थान का उद्घाटन किया।

बेंगलुरू के जाने माने बाइकर किंग रिचर्ड श्रीनिवासन का निधन हो गया। वह 45 वर्ष के थे।

## 19-01-2021

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 10 करोड़ अमेरिकियों को कोविड-19 के टीके लगाने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों को केवडिया से जोड़ने वाली आठ रेलगाडियों को रवाना किया।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में करीब 1.8 करोड़ भारतीय अपने वतन से दूर दुनिया के अलग-अलग देशों में रहते हैं और इस मामले में यह विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

अमेरिका में निवर्तमान ट्रम्प प्रशासन में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अमेरिकी अधिकारियों में से एक सीमा वर्मा ने देश की स्वास्थ्य सेवा के एक शीर्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

अमेरिका के वित्त विभाग ने क्यूबा के गृह मंत्रालय और उसके नेता पर मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उन पर पाबंदियां लगाई हैं।

केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 'डॉप्लर वेदर रडार' का उद्घाटन किया जिनसे पहाड़ी राज्यों और चार धाम तथा कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा के लिए मौसम के पूर्वानुमान की सही जानकारी मिल सकेगी।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के 146 वें स्थापना दिवस पर नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर में डॉप्लर मौसम रडार केंद्र का उद्घाटन किया।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 21 और कुशीनगर जिले में 11 विकास कार्यों का राजभवन से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से लोकार्पण किया।

पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई में सर्वोच्च बलिदान देने वाले मेजर केतन शर्मा सहित 15 सैनिकों को सेना दिवस के अवसर पर उनके अदम्य साहस के लिए सेना मेडल से सम्मानित किया गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और जानेमाने कारोबारी कमल मोरारका का निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे।

## 20-01-2021

छत्तीसगढ़ के नक्सल हिंसा प्रभावित एक जिले में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए इंटरनेट-आधारित एक शिक्षा केन्द्र की शुरूआत की है।

विश्व श्रमिक आंदोलन के इतिहास को दर्शाने वाला देश का पहला श्रमिक आंदोलन संग्रहालय केरल के हाउसबोट पर्यटन केंद्र,अलाप्पुझा में शुरू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नये उद्यमियों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देने के लिये 1,000 करोड़ रुपये के 'स्टार्ट-अप इंडिया सीड फंड' शुरू किये जाने की घोषणा की।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रशासन में अहम पदों पर 13 महिलाओं समेत कम से कम 20 भारतीय-अमेरिकियों को नामित किया है।

सेना के निशानेबाज और ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी1 ट्रायल्स में जीत दर्ज की।

भाजपा के पूर्व सांसद महावीर भगोरा का राजस्थान के उदयपुर जिले में निधन हो गया। वह 73 साल के थे।

भाजपा की पुडुचेरी इकाई के कोषाध्यक्ष तथा विधायक के जी शंकर का निधन हो गया। वह 70 साल के थे।

बिग बॉस की टैलेंट मैनेजर पिस्ता धाकड़ का मुंबई में निधन हो गया। वह 25 साल की थी।

महान भारतीय शास्त्रीय संगीतकार उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

बेंजामिन डे रॉथ्सचाइल्ड, जो अपने पिता द्वारा 1953 में शुरू किए बैंकिंग साम्राज्य की देखरेख कर रहे थे, का निधन हो गया है। वह 57 साल के थे।

## 21-01-2021

निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी राजनयिक उजरा जेया को सिविलियन सिक्योरिटी, डेमोक्रेसी एंड ह्यूमन राइट्स की अंडर सेक्रेटरी के लिए नामित किया है, जेया ने कथित नस्लीय और सेक्सिस्ट पूर्वाग्रह के विरोध में अपनी स्टेट डिपार्टमेंट की नौकरी छोड़ दी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद मैट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण और सूरत मैट्रो रेल परियोजना की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये आधारशिला रखी।

ब्रिटेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस वर्ष जून में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के बागलकोट जिले में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

अडाणी समूह के द्वारा संचालित तीन हवाई अड्डों अहमदाबाद, मंगलुरु और लखनऊ को सुरक्षित यात्रा मुहैया कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा परिषद (एसीआई) से हवाईअड्डा स्वास्थ्य मान्यता मिली है।

इंफोसिस फाउंडेशन ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) - तिरुचिरापल्ली के साथ परिसर में बालिकाओं के लिए 100 बिस्तर वाला अस्पताल बनाने के लिए एमओयू पर दस्तखत किए हैं।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कहा कि ब्रिटेन की प्रमुख मोबाइल कंपनी थ्रीयूके ने अपने 5जी नेटवर्क सेवाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए उसके साथ साझेदारी की है।

अडाणी समूह ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा कंपनी टोटल ने अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में 20 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की है।

एंटरप्राइज ब्लॉकचेन समाधान उपलब्ध कराने वाली डीलटी लैब्स उत्तर प्रदेश में डा ए पी जे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) में एक विशिष्ट केन्द्र स्थापित करेगी।

स्ट्राइकर ब्यूटी डुंगडुंग की हैट्रिक की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने कोरोना महामारी के बाद एक साल में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए चिली को 5-3 से हरा दिया।

**22-01-2021**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से जीत के साथ बोर्डर-गावस्कर ट्राफी बरकरार रखने के लिये पांच करोड़ रुपये बोनस देने की घोषणा की।

केंद्र सरकार ने हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है।

हाल ही में शामिल राफेल लड़ाकू विमान 26 जनवरी को भारत की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगा और फ्लाईपास्ट का समापन इस विमान के 'वर्टिकल चार्ली फार्मेशन' में उड़ान भरने से होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुजरात में गिर-सोमनाथ जिले के परभास पाटन में विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का प्रबंधन संभालने वाले न्यास का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

अयार कैंसर संस्थान की वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट और अध्यक्षा डॉ. वी शांता का निधन हो गया। वह 93 वर्ष की थीं।

नोएडा में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नोएडा कमिश्नरेट ने माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के साथ करार किया है।

ब्रिटेन की सरकार ने इंग्लैंड की सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखने के लिए उद्देश्य से सोमवार को नए कानूनों की घोषणा की जिसके तहत प्रतिमाओं और स्मारकों को मनमाने तरीके से नहीं हटाया जा सकेगा।

वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल ने कहा कि भारत में उसके सीईओ और कंट्री हेड रमेश नायर ने कंपनी छोड़ दी है और राधा धीर को नया सीईओ बनाया गया है।

प्रमुख आटो उपकरण कंपनी मदरसन ग्रुप प्लास्टिक मोल्डेड पार्ट्स और संबंधित उपकरणों के आपूर्तिकर्ता तुर्की के प्लास्ट मेट ग्रुप की बहुलांश हिस्सेदारी लेगी।

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय मूल के रोहित चोपड़ा को उपभोक्ता वित्त संरक्षण ब्यूरो का प्रमुख नामित किया।

## 23-01-2021

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के लिये अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के सहयोग से देश में एक क्वांटम कम्प्यूटिंग एप्लिकेशन लैब स्थापित करेगा।

नीति आयोग द्वारा जारी दूसरे नवाचार सूचकांक में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और केरल को शीर्ष पांच राज्यों में स्थान मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को करीब 2691 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि जारी की।

रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 12311/12312 हावड़ा-कालका मेल का नाम बदलकर "नेताजी एक्सप्रेस" कर दिया है।

सिद्धार्थ मोहंती को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की शाखा अडाणी सोलर एनर्जी कच्छ वन लिमिटेड ने गुजरात के कच्छ में 150 मेगावाट का सौर संयंत्र चालू किया है।

खेल और युवा मामलों के मंत्री किरण रिजीजू को अस्थायी रूप से आयुष मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

जो बाइडेन ने अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कमला हैरिस ने पहली महिला उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

वल्लभनगर से कांग्रेस विधायक गजेंद्र शक्तावत का नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह 48 वर्ष के थे।

अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का निधन हो गया। वह 95 साल के थे।

**24-01-2021**

केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुजरात के हजीरा में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एलएनजी आपूर्ति से संबंधित पहले लघुस्तरीय बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया।

भारत रोड नेटवर्क लि. (बीआरएनएल) ने अपनी ओडिशा की सड़क परियोजनाओं की बिक्री के लिए इंडिया हाईवे कन्सेशंस ट्रस्ट के साथ करार किया है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में 'यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया' के प्रमुख नियुक्त किए गए माइकल पैक ने पद से इस्तीफा दे दिया है।

आवास ऋण कंपनी एचडीएफसी लि. ने गुड होस्ट में अपनी 24.48 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए करार किया है।

श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने फ्रैंचाइजी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से युवेंटस ने नैपोली को 2-0 से हराकर रिकार्ड नौवीं बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके प्रिंस ऑफ वेल्स कंट्री क्लब में चिली की सीनियर टीम को 3-2 से हराया।

केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाओं के लिये एक आरएंडडी पोर्टल का अनावरण किया।

भारतीय रेलवे वित्त निगम की प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से सरकार को 1,544 करोड़ रुपये मिलेंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर स्थित 850 मेगावाट की रतले पनबिजली (एचई) परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।

**25-01-2021**

प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत स्वदेशीकरण पर जोर देने तथा विदेश में तैयार उपकरणों पर निर्भरता घटाकर रणनीतिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भारतीय सेना और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) के अनुसार, अडाणी टोटल गैस और टोरेंट गैस दोनों भारतीय गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) के पहले रणनीति निवेशक बन गये हैं, दोनों ने आईजीएक्स में पांच-पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद की है।

बिजली उत्पादन करने वाली सरकारी कंपनी एनटीपीसी ने कहा कि उसकी सहायक कंपनी की कामेंग पनबिजली परियोजना की 150 मेगावाट इकाई ने व्यावसायिक रूप से परिचालन शुरू कर दिया है।

कोविड-19 महामारी से मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका सरकार की अहम शख्सियत रहे जैक्सन मथेम्बू का कोरोना वायरस संक्रमण से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे।

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने चुनिंदा सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा प्रदान करने के लिये वेरी स्मॉल अपर्चर टर्मिनल (वीसैट) लगाने का फैसला किया है।

जकार्ता में आसियान सचिवालय में भारत के अगले राजदूत के रूप में 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी जयंत एन खोबरागडे को नियुक्त किया गया है।

केंद्रीय मत्स्य मंत्री गिरिराज सिंह ने पदप्पाई में जलीय संगरोध सुविधा की आधारशिला रखी।

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड की तीन कंपनियों - नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल), सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) को "कोयला मंत्री पुरस्कार" प्रदान किये।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार में केन्द्रीय विद्यालय बेतिया और छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय नंबर 4 कोरबा के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात के अहमदाबाद शहर में 55 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 4-लेन थलतेज–शीलज–राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया।

**26-01-2021**

राजस्थान में पोटाश की खास खनन तकनीक यानी सोल्यूशन माइनिंग का व्यावहारिक अध्ययन करने के लिए मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल), राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएसएमएमएल) और राजस्थान सरकार के खान एवं भू-विज्ञान विभाग (डीएमजी) के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

बेंगलुरु में 3 फरवरी से आयोजित होने वाले एयरो इंडिया शो के 13 वें संस्करण में सूर्या किरण की भारतीय एरोबैटिक टीम पहली बार सारंग एरोबेटिक टीम के साथ प्रदर्शन करेगी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ठाणे जिले के कल्याण को डोंबिवली से जोड़ने वाले पटरी पुल का वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में नवनिर्मित बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का वर्चुअल लोकार्पण किया।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में उनके एक चित्र का अनावरण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कोलकाता में पराक्रम दिवस समारोह का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विक्टोरिया मेमोरियल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर एक स्थायी प्रदर्शनी और एक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने गोवा के पंजिम में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से "श्रमशक्ति", जोकि एक राष्ट्रीय प्रवासन सहायता पोर्टल है, का शुभारंभ किया।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने आईआईटी रुड़की में राजमार्ग अवसंरचना विकास के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण पर केन्द्रित एक प्रोफेसर चेयर जारी रखने पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

'चलो बुलावा आया है' और 'तुने मुझे बुलाया शेरा वालीए' जैसे भक्ति गीतों के लिए लोकप्रिय 'भजन' गायक नरेंद्र चंचल का निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

## 27-01-2021

पाकिस्तान की योजना 2022-23 में सबसे आधुनिक 5जी इंटरनेट सेवा शुरू करने की है जिससे डाउनलोड की गति 10 गुना बढ़कर एक गीगाबाइट प्रतिसेकंड (जीबीपीएस) हो जाएगी और देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

वित्त मंत्रालय ने मध्य प्रदेश को नागरिक केंद्रित सुधारों को लेकर पूंजीगत व्यय के लिये अतिरिक्त 660 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

सेल महाराष्ट्र के चंद्रपुर में अपने फेरो मिश्र धातु संयंत्र में केंद्र सरकार की मदद से भारत का पहला गैस-से-एथेनॉल संयंत्र लगाने की योजना बना रही है।

एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट (एक्जिम) बैंक ऑफ इंडिया अगले वित्त वर्ष 2021-22 में बांड निर्गम से तीन अरब डॉलर जुटाने की तैयारी कर रहा है।

एक समय विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में शामिल रहे फिलिपो वोलैंड्री को इटली की डेविस कप टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, वह कोरैडो बाराजुट्टी की जगह लेंगे जो 20 साल तक इस पद पर रहे।

श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज कुमार संगकारा को इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने आगामी सत्र के लिये क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया।

तेलंगाना के राज्यपाल टी. सुंदरराजन ने आयोध्या में बनने वाले भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिये 1,00,001 रुपये का योगदान किया।

केरल में खोज की गई नई चीटी प्रजातियों का नाम जेएनसीएएसआर के शोधकर्ता, विकासमूलक जीवविज्ञानी प्रोफेसर अमिताभ जोशी के नाम पर रखा गया।

उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को मुफ्त कोचिंग दिलाने की दिशा में आगे बढ़ने वाला गोरखपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है।

आपदाओं पर वैज्ञानिक अध्ययन की शुरुआत करने वाले राजेंद्र कुमार भंडारी को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके काम के लिए 2021 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## 28-01-2021

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की विकास अर्थशास्त्री जयंति घोष को एक उच्चस्तरीय सलाहकार समिति में नामित किया है, जो कोविड-19 के बाद पैदा होने वाली प्रमुख सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर प्रतिक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव को सुझाव देगी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 26 जनवरी को नागपुर में अंतरराष्ट्रीय जीव उद्यान का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय रग्बी लीग के पूर्व मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग को आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ (एसीए) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया।

कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद मतदाता पहचान पत्र के इलेक्ट्रॉनिक संस्करण की शुरूआत की जिसे मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जा सकता है।

द्वितीय विश्वयुद्ध पर आधारित डेनमार्क की फिल्म 'इनटू द डार्कनेस' ने 51वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में गोल्डन पीकॉक पुरस्कार जीता।

मशहूर वैज्ञानिक एवं लेखक डॉ जयंत नारलीकर को नासिक में 26 से 28 मार्च के बीच होने वाले 94वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन (एआईएमएलसी) का अध्यक्ष चुना गया।

बदहाल होती आर्थिक स्थिति के बीच सीरिया ने पांच हजार सीरियाई लीरा का बैंक नोट पेश किया, यह अब सीरिया में चलन में सबसे बड़ा नोट हो गया है।

चेन्नई के संदीप कुमार और कोट्टयम के आमिर सैयद 23वीं जेके टायर एफएमएससीआई राष्ट्रीय रेसिंग चैम्पियनशिप में क्रमश: फार्मूला एलजीबी 4 और नोवाइस कप वर्ग में चैम्पियन रहे।

हरियाणा के रोहित पुरुषों की फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के 65 किलोग्राम वर्ग में चैंपियन बने जबकि नोएडा में संपन्न हुई प्रतियोगिता के 86 किलोग्राम भार वर्ग में दिल्ली के प्रवीण चाहर ने खिताब जीता।

वरिष्ठ अधिवक्ता और विधि आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एन एम घटाटे का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।

## 29-01-2021

पिछले साल जून में पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी में चीनी सेना के हमले के खिलाफ अपने सैनिकों का नेतृत्व करने वाले कर्नल बी. संतोष बाबू को मरणोपरांत दूसरे सबसे बड़े सैन्य सम्मान महावीर चक्र से नवाजा गया है।

फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वेक्षण के नये दौर के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वित्त वर्ष 2020-21 में 8 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

भारतीय मूल के अमेरिकी सीन देसाई को फुटबॉल टीम शिकागो बीयर्स की रक्षापंक्ति के लिये नया समन्वयक नियुक्त किया गया है और इस तरह से वह नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) में यह पद संभालने वाले भारतीय मूल के पहले नागरिक बन गये हैं।

जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में पिछले साल अप्रैल में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान जान गंवाने वाले सूबेदार संजीव कुमार को देश के दूसरे सर्वोच्च शांतिकाल पुरस्कार कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा।

भारत और मोहन बागान के पूर्व गोलकीपर प्रशांत डोरा का निधन हो गया। वह 44 वर्ष के थे।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने हैदराबाद स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल काम्पलेक्स में दो नई सुविधाओं का उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गणतंत्र दिवस 2021 की पूर्व संध्या पर www.gallantryawards.gov.in वीरता पुरस्कार पोर्टल का नया संस्करण लॉन्च किया।

दिनांक 21 जनवरी से 25 जनवरी 2021 तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बड़े पैमाने पर सेना के तीनों अंगों का संयुक्त जल-थल-नभ युद्धाभ्यास एम्फीमेक्स -21 का आयोजन किया गया था।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे और दिवंगत गायक एस पी बालासुब्रह्मण्यम को इस साल भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।

डीआरडीओ ने ओडिशा के तट से दूर एकीकृत परीक्षण रेंज से आकाश-एनजी (नई पीढ़ी) मिसाइल का सफल पहला प्रक्षेपण किया।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आभासी माध्यम से 'एग्री-फूड टेकाथॉन 2021' का उद्घाटन किया।

## 30-01-2021

भारत के सीनियर आफ स्पिनर आर अश्विन और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नये महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के मरीना बीच में पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के स्मारक का अनावरण किया।

स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर ने ओमान में 25 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना चालू की है।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों प्रमिला जयपाल और राजा कृष्णमूर्ति को हाउस स्पीकर नैंसी पलोसी ने बजट और कोविड-19 महामारी पर अमेरिकी कांग्रेस की प्रमुख समितियों में शामिल किया है।

प्रख्यात अर्थशास्त्री जेनेट येलेन ने अमेरिका की वित्तमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया, येलेन अमेरिका के इतिहास में पहली महिला वित्त मंत्री बन गयी हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल की मौजूदगी में भारत पर्व-2021 का उद्घाटन किया।

अयोध्या के पास धन्नीपुर में गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा फहराने के साथ ही वृक्षारोपण से अयोध्या मस्जिद परियोजना की औपचारिक शुरूआत की गयी, यह स्थान राम जन्मभूमि से करीब 24 किलोमीटर दूर है।

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल (सेवानिवृत्त) डी. के. जोशी ने इलेक्ट्रिक बसों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2021 में भारत की विकास दर 11.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड और सीमा शुल्क विभाग के दो अधिकारी राष्ट्रपति प्रशंसा प्रमाण पत्र पुरस्कार और विशेष उत्कृष्ट सेवा पदक पुरस्कार के लिए चुने गए।

**31-01-2021**

इंग्लैंड में महिला और पुरूष क्रिकेटरों के लिये नस्लवाद निरोधक प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया जायेगा जबकि एक सर्वे में खुलासा हुआ है कि एक तिहाई से अधिक अश्वेत, एशियाई और अल्पसंख्यक देशज खिलाड़ियों को खेल में पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ता है।

इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने वर्चुअल इंटेलीजेंस टूल तेजस का शुभारंभ किया।

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईइए)के सदस्यों के साथ रणनीतिक साझेदारी के लिए बने फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किया है, इस समझौते के तहत सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, मजबूत सहयोग और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और टिकाऊपन को बढ़ावा मिलेगा।

ओडिशा कैडर के 1985 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी यू.पी. सिंह ने भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की वस्त्र समिति और जापान के निसेनकेन क्वालिटी इवैल्युएशन सेंटर के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों संगठनों ने एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कार्यकारी बोर्ड के 148वें सत्र की अध्यक्षता की।

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आर्थिक मामलों की समिति ने खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 375 रूपए की वृद्धि को मंजूरी दे दी है, अब इसकी कीमत 10,335 रूपये प्रति क्विंटल हो जाएगी।

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को अनुदान उपलब्ध कराने के लिए 18 राज्यों को एक खरब 23 अरब 51 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल(आईसीसी) ने दुबई में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ यानी महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी का सम्मान शुरू करने की घोषणा की है।

पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल करने की समय सीमा पांच साल कम कर 2025 कर दी गयी है।